कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, देवरिया

पत्रांक 2542 / 2-6 दिनांक, देवरिया, अप्रैल 19 2022

सेवा में,

प्रबन्धक
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड
बैतालपुर देवरिया।

विषय :– **देवरिया–कसया मार्ग एस0एच0–79 के कि0मी0 14 से 15 के मध्य दांयी पटरी पर गाटा सं0–908/ग्राम–कौन्हवलियॉ, पो0–कंचनपुर, जिला–देवरिया में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.075028 हे0 संरक्षित वन भूमि को गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 8 वृक्षो की पातन हेतु अनुमति के सम्बन्ध में ।**

सन्दर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 2294 / 11–सी–एफ0पी0 / यू0पी0 / रोड /145661 दिनांक 03.02.2022 ।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र मुख्य वन संरक्षक, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर को सम्बोधित करते हुए अधोहस्ताक्षरी एवं आपको पृष्ठांकित है। उक्त के कम में सन्दर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा बिन्दु सं0–3, 4, 5, 8, 9, पर अपनी आख्या आज तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिसके कारण अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। इस सम्बन्ध में आपको निर्देश दिया जाता है कि अपने से सम्बन्धित बिन्दुओं की आख्या पांच प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में तत्काल उपलब्ध करावें ताकि उच्च स्तर को प्रस्ताव स्वीकृति हेतु भेजा जा सके।

संलग्नक:–उपरोक्तानुसार।

(विकास यादव)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,देवरिया